NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-154, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 10 दिसम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## सागर-झांसी एनएच 44 पर बड़ा सड़क हादसा

# बीडीएस के चार जवानों की मौत




**भिण्ड।** मध्य प्रदेश के सागर जिले से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां सड़क दुर्घटना में बम डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीएस) के चार जवानों की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है। घायल जवान का उपचार सागर के एक निजी अस्पताल में जारी है।

घटना तड़के करीब 4 बजे सागर-झांसी नेशनल हाईवे-44 पर बांदरी और मालथौन के बीच झीकनी घाटी के पास हुई। जानकारी के अनुसार, मुरैना इऊ टीम का वाहन बालाघाट से ड्यूटी कर वापस लौट रहा था, तभी पुलिस वाहन की टक्कर एक कंटेनर से हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा, आरक्षक राजीव चौहान गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है। हादसे में जवानों के साथ मौजूद डॉग सुरक्षित पाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में हादसे के पीछे वाहन अनियंत्रित होने और कंटेनर से जोरदार टक्कर की बात सामने आ रही है। इस दर्दनाक दुर्घटना से मुरैना और भिंड जिलों में गहरा शोक व्याप्त है। शहीद जवानों के शवों को मालथौन ले जाया गया है, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### हादसे में शहीद हुए जवानों के नाम

आरक्षक प्रधुमन दीक्षित, आरक्षक अमन कौरव, चालक परमलाल तोमर, डॉग मास्टर विनोद शर्मा

## इंडिगो संकट, सरकार बोली-जरूरत पड़ी तो सीईओ को बर्खास्त करेंगे

# यह फेलियर सामान्य नहीं, लापरवाही के संकेत



**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट को लेकर अब डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) भी केंद्र सरकार की जांच के रडार पर है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एक इंटरव्यू में कहा कि इंडिगो की गड़बड़ी पर सिर्फ एयरलाइन ही नहीं, बल्कि डीजीसीए के कामकाज की भी जांच होगी। मंत्री ने यात्रियों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी और कहा कि जिम्मेदार लोगों पर कड़ी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि इंडिगो का यह बड़ा फेलियर सामान्य गलती नहीं लगता, बल्कि इसमें जानबूझकर हुई लापरवाही के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार यह जांच कर रही है कि आखिर ऐसा संकट उसी समय क्यों आया और ऑपरेशंस होने के बावजूद हालात कैसे बिगड़े। सीईओ को हटाने के सवाल पर नायडू ने कहा कि जरूरत पड़ी तो जरूर हटाया जाएगा। जो भी कानूनी कार्रवाई बनती है, वह जरूर होगी। नायडू ने ये भी बताया कि मैं पिछले 7 दिनों से लगातार मीटिंग कर रहा हूं और मुश्किल से सो पाया हूं, क्योंकि फोकस सिर्फ यात्रियों की परेशानी दूर करने पर है।

## गोवा अग्निकांड

# विदेश भाग चुके लूथरा ब्रदर्स गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली।** गोवा नाइट क्लब अग्निकांड मामले के मुख्य आरोपी लूथरा ब्रदर्स गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट की शरण में पहुंचे हैं। नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा ने विदेश भागने के बाद दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। ये याचिका अपने वकील के जरिए दाखिल कराई है। याचिका में कोर्ट से जमानत देने की अपील की गई है। वहीं, पुलिस ने लूथरा ब्रदर्स के करीबी और बिजनेस पार्टनर अजय गुप्ता को गोवा पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। अजय गुप्ता ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस को बताया कि वो बर्च बाय रोमियो लेन में सिर्फ बिजनेस पार्टनर है। उसे कुछ नहीं पता। 25 लोगो की मौत का जिम्मेदार कौन? इस सवाल पर अजय गुप्ता चुप्पी साधे हुए था। एनओसी के सवाल पर भी अजय चुप रहा। वह एक दिन पहले ही अस्पताल में क्यों भर्ती हुआ था इसको लेकर भी वह चुप था। गोवा पुलिस अजय गुप्ता को साकेत कोर्ट में पेश कर इसका ट्रांजिट रिमांड लेगी।

# पूर्वी दिल्ली के एक स्कूल में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर स्थित एक निजी स्कूल में बुधवार सुबह बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के एक अधिकारी के अनुसार, धमकी भरा कॉल सुबह करीब 10:40 बजे आया, जिसमें दावा किया गया कि लवली पब्लिक स्कूल के अंदर विस्फोटक रखा गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। मौके पर तुरंत कई फायर टेंडर, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और पुलिस टीमें भेजी गईं। सावधानी के तौर पर छात्रों, शिक्षकों और पूरे स्टाफ को स्कूल भवन से बाहर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। साथ ही स्कूल परिसर को पूरी तरह घेरकर जांच शुरू कर दी गई। अधिकारी ने बताया कि किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की सूचना नहीं है।



# इंडिगो संकट जारी, अब भी सैकड़ों यात्री परेशान

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इस समय अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। रोजाना लगभग 2300 फ्लाइट्स ऑपरेट करने वाली और घरेलू एविएशन मार्केट में 60% से भी अधिक हिस्सेदारी रखने वाली इस एयरलाइन का मार्केट कैप मौजूदा संकट के बाद करीब 21,000 करोड़ रुपये तक घट चुका है। ऐसे में आज इस संकट के नौवें दिन भी यात्रियों की परेशानी दूर होने का नाम नहीं ले रही है। देश के तीन बड़े एयरपोर्ट दिल्ली, अहमदाबाद और मुंबई पर इंडिगो एयरलाइंस के फ्लाइट कैंसिलेशन और देरी के कारण यात्रियों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं।






ताजा अपडेट के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिली तस्वीरों में दिखाई देता है कि बड़ी संख्या में यात्री घंटों से फंसे हुए हैं। कई उड़ानें अचानक रद्द होने या लंबे समय तक विलंब से चलने के कारण लोग एयरपोर्ट पर ही बैठकर इंतजार करने को मजबूर हैं। कुछ यात्रियों ने खानेझपीने और जानकारी न मिलने की शिकायत भी की है।

दिल्ली के बाद बात अगर अहमदाबाद की करें तो अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी हालात लगभग वही हैं। इंडिगो की कई उड़ानें बाधित होने के चलते यात्रियों की लंबी कतारें नजर आ रही हैं। लोग एयरलाइन से लगातार अपडेट मांग रहे हैं, लेकिन स्पष्ट जानकारी न मिलने से असंतोष बढ़ रहा है।

**घंटों तक का इंतजार और लंबी कतार**


वहीं मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी यात्री फ्लाइट डिसरप्शन से परेशान हैं। कई परिवार और ऑफिस यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ यात्रियों का कहना है कि टिकट बदलने और रिफंड में भी दिक्कतें आ रही हैं।

**यात्रियों में बढ़ती नाराजगी**

गौरतलब है कि इंडिगो की तरफ से लगातार कैंसिलेशन और देरी की वजह से यात्रियों में नाराजगी बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर भी लोग अपनी परेशानियां साझा कर रहे हैं। कई यात्रियों ने एयरलाइन से पारदर्शी जानकारी और बेहतर व्यवस्था की मांग की है। कुल मिलाकर, इंडिगो विवाद और उड़ानों की अनियमितता से तीनों प्रमुख एयरपोर्ट पर अराजकता जैसे हालात बने हुए हैं और यात्रियों की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

# एसआईआरः यूपी में कटेंगे तीन करोड़ मतदाताओं के नाम

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से काटने के लिए चिह्नित मतदाताओं के मामले में दोबारा जांच करने के निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए हैं। अभी तक इस श्रेणी में 18.48 प्रतिशत मतदाता चिह्नित किए गए हैं। आयोग ने समीक्षा बैठक में इस संख्या को काफी ज्यादा माना है। स्थिति यह है कि अभी तक की रिपोर्ट के अनुसार, करीब तीन करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे, जोकि केरल के मतदाताओं की कुल संख्या से भी ज्यादा है।



यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी मंडलायुक्त, रोल प्रेक्षक, विशेष रोल प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारियों और अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई।

प्रदेश में कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं के गणना प्रपत्र के सापेक्ष 98.14 प्रतिशत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो चुका है। इन डिजिटाइज गणना प्रपत्रों में 79.95 प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाता या उसके परिवार के सदस्य के हस्ताक्षर के बाद प्राप्त हुए हैं। डिजिटाइज गणना प्रपत्रों में 18.48 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को असंग्रहीत यानी मृतक, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दो जगह वोट वाले मतदाताओं आदि की श्रेणी में चिह्नित किया गया है।

इस संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मृतक, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के पुनः सत्यापन के निर्देश दिए गए। जिन मतदेय स्थलों पर शत-प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है, वहां पर बीएलओ द्वारा अपने बूथ के असंग्रहीत मतदाताओं की सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान 12 दिसंबर तक सभी बीएलओ के साथ बीएलए की बैठक कराए जाने के निर्देश दिए गए। मतदाताओं या उसके परिवार के सदस्य के हस्ताक्षर से प्राप्त गणना प्रपत्रों में से वर्ष-2003 की मतदाता सूची से मैप किए गए मतदाताओं का प्रतिशत 72.90 प्रतिशत है और 27.10 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग अभी शेष है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि है वे मैपिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करा लें, ताकि कम से कम संख्या में नोटिस जारी हो।

# संस्थाओं पर बीजेपी, आरएसएस का कब्जा.. चुनाव आयोग भी नहीं बचा

## एसआईआर पर चर्चा के दौरान राहुल ने केंद्र सरकार पर लगाए बड़े आरोप

**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट के चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर चर्चा के दौरान लोकसभा में बात की। गांधी की यह बात ऐसे समय में आई है जब वोटर लिस्ट अपडेट के दौरान कई राज्यों में कथित गड़बड़ियों पर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। विपक्षी पार्टियां नागरिकों और स्थानीय अधिकारियों की चिंताओं का हवाला देते हुए एसआईआर प्रोसेस में अधिक ट्रांसपेरेंसी, अकाउंटेबिलिटी और निगरानी की मांग कर रही हैं। राहुल गांधी चुनाव आयोग पर भी कब्जे का आरोप लगाया। राहुल ने चुनाव आयुक्त के चयन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सेलेक्शन कमेटी से सीजेआई को अलग करने को लेकर भी सवाल उठाए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला किया। गांधी ने आरोप लगाया कि आरएसएस ने महात्मा गांधी की हत्या के बाद भारत के इंस्टीट्यूशनल माहौल में संगठन की भूमिका के बारे में बड़े पैमाने पर आरोप लगाए। गांधी ने दावा किया कि गांधी की हत्या के बाद, अगला कदम भारत के इंस्टीट्यूशन्स पर पूरी तरह से कब्जा करना था।



मैं कह रहा हूं कि भारत के इंस्टीट्यूशन्स पर कब्जा किया जा रहा है, और मैं इस बात पर आऊंगा कि इलेक्शन कमीशन पर कब्जा किया जा रहा है। फ्रर का प्रोजेक्ट देश के इंस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क पर कब्जा करना था वाइस चांसलर के बाद वाइस चांसलर को मेरिट पर नहीं, काबिलियत पर नहीं, बल्कि इस बात पर रखा जाता है कि वह किसी खास ऑर्गनाइजेशन से जुड़ा है। राहुल ने कहा कि इस तरह डेमोक्रेसी के मुख्य पिलर धीरे-धीरे प्रभावित हुए या उन पर कब्जा कर लिया गया। इन दावों को चुनावी सुधारों के बड़े संदर्भ से जोड़ते हुए, कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा कि इंस्टीट्यूशन्स पर सेंट्रलाइज कंट्रोल की कोशिशें सीधे तौर पर डेमोक्रेटिक प्रोसेस को नुकसान पहुंचाती हैं और चुनावों की ईमानदारी को कमजोर करती हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप ने 'टैरिफ' को बताया पसंदीदा शब्द

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। ट्रंप ने अब टैरिफ को लेकर एक बार फिर बड़ी बात कही है। अमेरिका के पेन्सिलवेनिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, ₹मेरा पसंदीदा शब्द टैरिफ है। यह किसानों को अमीर बना रहा है और हमारे लिए सैकड़ों अरबों डॉलर, सच में खरबों डॉलर ला रहा है।₹

पेन्सिलवेनिया से पहले इसी साल अक्टूबर के महीने में ट्रंप ने क्वांटिको में भी इसी तरह का बयान दिया था। तब ट्रंप ने कहा था, ऑफिस संभालने के बाद मैंने जो पहले एग्जीक्यूटिव ऑर्डर साइन किए, उनमें से एक मेरिट के सिद्धांत को बहाल करना था। टैरिफ शब्द के अलावा यह सबसे महत्वपूर्ण शब्द है। मुझे टैरिफ पसंद है। सबसे खूबसूरत शब्द, टैरिफ मेरा पसंदीदा शब्द है। मुझे टैरिफ शब्द बहुत पसंद है। आप जानते हैं, हम बहुत अमीर बन रहे हैं।




इस बीच यहां यह भी बता दें कि, हाल ही में ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अपनी टैरिफ पॉलिसी को लेकर पोस्ट किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि टैरिफ लगाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का कोई भी फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में नहीं होगा। ट्रंप ने यह भी कहा था कि यदि कोर्ट का फैसला टैरिफ के खिलाफ आता है तो अमेरिका को बड़ा नुकसान होगा और वह आर्थिक रूप से पूरी तरह असहाय हो जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह भी कहा था कि टैरिफ की वजह से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत हुई है और हम आर्थिक रूप से मजबूत देश बन गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर संवैधानिक वैधता की जांच कर रहा है। फिलहाल, मामले में फैसले को लेकर कोई तय तारीख सामने नहीं आई है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
बुधवार, 10 दिसम्बर 2025


# चांदी लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

एनएनआई

**मथुरा।** रिफाइनरी थाने से चंद कदमों की दूरी पर आठ किलो चांदी लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को मुठभेड़ में पकड़ने पर पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही है, जबकि वारदात के मास्टरमाइंड समेत दो आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस ने दोनों घायल आरोपियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

आगरा के कश्मीरी बाजार निवासी मनोज कुशवाह चांदी के कारोबारी हैं। उनका कर्मचारी न्यू आगरा के नगला पदी निवासी जतिन कुशवाह आठ किलो से अधिक चांदी लेकर मथुरा आ रहा था। इसी दौरान रिफाइनरी थाने के निकट लुटेरे घात लगाकर चांदी लूटकर भाग निकले थे। आरोपियों की तलाश में एसओजी, सर्विलांस और थाने की पुलिस टीम जुटी थी। मंगलवार को टीम ने रिफाइनरी के अगनपुरा मार्ग पर आगरा के थाना कागारौल के नगला जोधना निवासी रजित और प्रमोद उर्फ छोटू को घेर लिया। पुलिस को देख आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों की टांग में गोली लग गई।



आरोपियों के पास से 4 किलो 400 ग्राम चांदी, एक बाइक और दो तमंचे समेत अन्य सामग्री बरामद की है। साथ ही दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ प्रभारी अनिल कपरवान ने बताया कि आरोपी प्रमोद कारोबारी मनोज के यहां काम करता है। इसकी जानकारी के बाद कागारौल निवासी अमन ने लूट की वारदात का ताना बाना बुना था। सोमवार को जतिन जैसे ही चांदी लेकर मथुरा के लिए रवाना हुआ, उसी समय प्रमोद ने अमन को इसकी सूचना दे दी। इसके बाद अमन ने रजित व अन्य दो साथियों के साथ मिलकर चांदी लूट की वारदात को अंजाम दिया और चांदी आधी-आधी बांट ली। इसके बाद सभी इधर-उधर भाग गए। सीओ ने बताया कि अमन व उसके साथी की तलाश की जा रही है। अमन के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्जनों प्राथमिकी दर्ज हैं। जल्दी ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**प्रमोद का भाई करता है हलवाई का काम**

प्रमोद उर्फ छोटू (24) कुशवाहा बस्ती कागारौल का रहने वाला है। वह चांदी कारोबारी के यहां काम करता था। प्रमोद चार भाइयो में दूसरे नंबर का है। बड़ा भाई हलवाई का काम करता है। दोनों छोटे भाई पढ़ाई कर रहे हैं। पिता बीरी सिंह कागारौल में ठेल लगाकर फल बेचते हैं। वहीं रजित नगला जोधना, कागारौल का रहने वाला है। वह ट्रक चालक है। पहले भी विवादों में रहा है। पिता चोब सिंह आटो चलाते हैं। रजत तीन भाइयों में सबसे छोटा है। दोनों बड़े भाई फैक्टरी में काम करते हैं।

# प्रेम मंदिर के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

एनएनआई

**मथुरा।** वृंदावन थाना क्षेत्र में मंगलवार को प्रेम मंदिर के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों ने सुबह करीब 7 बजे सड़क किनारे एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसके शरीर पर किसी प्रकार की चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। मृत्यु के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उसके फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किए गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पहचान की संभावना को देखते हुए 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मृतक कहीं बाहर से तो नहीं आया था। प्रेम मंदिर जैसे व्यस्त क्षेत्र में शव मिलने से स्थानीय लोगों में चर्चा बनी हुई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक को पहचानता हो या उससे संबंधित कोई जानकारी रखता हो तो वृंदावन पुलिस से संपर्क कर सहयोग करें, ताकि समय रहते मृतक की पहचान हो सके।



# जानलेवा हमले में दो भाइयों को 7 साल की सजा

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** एक अदालत ने पांच साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में दो सगे भाइयों को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है। यह मामला वर्ष 2020 का है, जब मोबाइल विवाद से शुरू हुई कहासुनी ने गोलीकांड का रूप ले लिया था।

यह घटना 16 अप्रैल 2020 को थाना उत्तर क्षेत्र के पीपल नगर में हुई थी। दिनेश सविता अपने भतीजे मुरली के साथ चाउमीन खाने गए थे। वहां एक अंडे की दुकान पर मोबाइल को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया। यह मामूली कहासुनी जल्द ही मारपीट और फिर फायरिंग में बदल गई। फायरिंग के दौरान एक गोली सीधे मुरली की दाहिनी जांघ में जा लगी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित पक्ष और स्थानीय लोगों की मदद से मुहल्ले के ही हमलावर रंजीत और विपिन को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। उनके खिलाफ हत्या के प्रयास (जानलेवा हमला) सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस विवेचना में आरोप सही पाए जाने के बाद न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी प्रिय प्रताप सिंह ने मुकदमे की पैरवी की। सभी साक्ष्यों, गवाहों के बयानों और घटनाक्रम की पुष्टि होने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने दोनों भाइयों को सात-सात वर्ष के कठोर कारावास के साथ-साथ अर्थदंड अदा करने का भी आदेश दिया। फैसला सुनाए जाने के बाद अदालत परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी।

# हाथरस में मकान बनाते समय राजमिस्त्री की मौत

**हाथरस** एनएनआई। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव तख्तपुर में मकान की चिनाई करते समय 39 वर्षीय राजमिस्त्री बलराम उर्फ बब्लू की हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

यह घटना मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे की है। बलराम उर्फ बब्लू गांव तख्तपुर में किसान परसराम सिंह के घर चिनाई का काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि जिस मकान में काम चल रहा था, उसके पास से हाईटेंशन बिजली लाइन गुजर रही थी। पाड़ बांधते समय लोहे की एंगिल तारों से जा टकराई, जिससे उसमें करंट उतर आया। करंट की चपेट में आने से राजमिस्त्री बलराम उर्फ बब्लू बुरी तरह झुलस गए। मृतक बलराम उर्फ बब्लू मूलरूप से थाना क्षेत्र के गांव बाकीपुर के निवासी थे। उनके परिवार में पत्नी अनीता के अलावा पांच बेटियां और एक बेटा है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तुरंत बिजलीघर फोन कर बिजली आपूर्ति बंद कराई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलने पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे।



# एडीए की जमीन पर हो रहा अवैध मिट्टी खनन



- एसडीएम की सूचना पर छलेसर चौकी पुलिस का छापा, चार टैक्टर ट्रालियां पकड़ीं
- रायपुर में दस बीघा जमीन को खोखला कर खनन माफिया ने बेच डाली हजारों टन मिट्टी




एनएनआई

**एत्मादपुर।** रहनकलां-रायपुर मौजा क्षेत्र में आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) की अधिग्रहित भूमि पर एनजीटी की बिना अनुमति के हरे वृक्षों को काटे जाने के बाद अब यहां क्षेत्र में सक्रिय संगठित खनन माफिया के महीनों से सरकारी जमीन से मिट्टी का अवैध रूप से खनन किए जाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मौजा रायपुर क्षेत्र में एडीए की अधिग्रहित भूमि पर भौतिक रूप से कब्जा लेने के बाद आंतरिक विकास के लिए प्रस्तावित सड़क निर्माण के लिए समतल की जा रही जमीन के पास बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन किए जाने का मामला मंगलवार की रात एसडीएम सुमित कुमार सिंह की सूचना पर पहुंची छलेसर चौकी पुलिस के छापा मारने पर सामने आया। क्षेत्रीय ग्रामीणों के अनुसार पुलिस के छापामार कार्रवाई करने से पूर्व यहां लगभग बीस ट्रैक्टर ट्रालियों से रात में मिट्टी ढोई जा रही थी। लेकिन पुलिस के छापे की भनक लगने पर भगदड़ मच गई। एसडीएम की



सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने घेराबंदी कर मिट्टी से भरीं हुईं चार ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ने के बाद सीज कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक रायपुर में अवैध मिट्टी खनन वाली जगह से अब तक जेसीबी से लगभग दस बीघा वर्ग मीटर क्षेत्र को बीस फुट गहराई तक हजारों टन मिट्टी खोदकर खोखला कर दिया गया है। क्षेत्रीय दबंग लोग भू-अधिग्रहण के मुआवजा में मिली धनराशि से ट्रैक्टर ट्रालियां खरीदकर सरकारी भूमि से अवैध रूप से मिट्टी खनन कर हर रात को लाखों के बारे न्यारे करने में लगे हैं। ट्रैक्टर ट्रालियों से इलाकाई नवविकसित कालोनी और प्लाट स्वामियों को मिट्टी बेची जा रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि एडीए को अपनी जमीन पर हो रहे अवैध मिट्टी खनन की जानकारी अब तक नहीं मिली है। अलग बात है कि भौतिक कब्जा वाली जमीन पर आंतरिक सड़क निर्माण करने के लिए समतल की जा रही भूमि से एनजीटी की बिना अनुमति के हरे वृक्षों को काटे जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद से उसकी यहां प्रस्तावित सड़क निर्माण और भौतिक कब्जा लेने की दोनों प्रक्रियाएं फिलहाल बंद पड़ी हैं।

## मिट्टी भरे दौड़ते वाहनों के सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहे प्रसारित

रायपुर में एडीए की जमीन से अवैध मिट्टी खनन करने के बाद आगरा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर छलेसर, कुबेरपुर, भागूपुर क्षेत्र में रातभर को दौड़ने वाले वाहनों के फोटो और वीडियो एक महीने से लगातार सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। सोमवार की रात राहगीर मीडिया कर्मी भूपेंद्र भारद्वाज के मिट्टी भरे वाहनों के दौड़ने का वीडियो बनाने पर कार सवार हथियारबंद पहरेदारों ने डरा-धमकाकर मोबाइल फोन छीना लिया। पीड़ित के पुलिस हेल्पलाइन सेवा 112 पर कॉल किए जाने के बाद उसे वापस लौटा दिया गया। पीड़ित ने बताया कि घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह का कहना है कि मिट्टी खनन के मामला सामने आया है।

## मंडलायुक्त बोले, सख्त कार्रवाई होगी

एत्मादपुर तहसील की ग्राम पंचायत रायपुर में आगरा विकास प्राधिकरण की अधिग्रहित जमीन से बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन पर एडीए बोर्ड के अध्यक्ष मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सार्वजनिक उपभोग की सरकारी जमीनों पर मिट्टी खनन किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। अगर ऐसा मामला है तो इसकी जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन ने जनसुविधा की मंशा से घरेलू खनन को रायल्टी मुक्त किया है। इसके लिए नियमों के तहत अनुमति दी जाती है। अगर कोई खेतों की लेबलिंग या निजी उपयोग के लिए मिट्टी खनन की अनुमति लेता है और वह शासन के नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ संबंधित अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## किसान की आड़ लेकर बाजार में पहुंच रही मिट्टी

**एत्मादपुर।** अनुमति की आड़ में ट्रैक्टर ट्राली दिन-रात गांव से लेकर शहरी क्षेत्र की विभिन्न नव विकसित कालोनी और प्लाट स्वामियों को मिट्टी बेचने में जा रही हैं। इसकी शिकायत महिला ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि बेटे ने एसडीएम सुमित कुमार सिंह से की। उन्हें बताया गया कि खेत से मिट्टी खनन घरेलू उपभोग की बजाए बेचने में किया जा रहा है। इसके बाद मिट्टी की खोदाई बंद करा दी गई। लेकिन गठजोड़ की मौजूदगी में मौके से ट्रैक्टर ट्राली नहीं पकड़े गए।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


### रबड़ फैक्ट्री में लगी भीषण आग, आठ दमकलों ने तीन घंटे बाद पाया काबू

# आग में हो रहे धमाकों से फैली रही दहशत

एनएनआई



**आगरा।** थाना हरीपर्वत के सोंठ की मंडी स्थित विजय कुंज में मंगलवार रात को जूते-चप्पल की रबड़शीट बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। लपटों को देखकर फैक्ट्री से 50 मीटर की दूरी पर रहने वाले लोग भी दहशत में आ गए। सभी घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर 8 दमकल पहुंच गईं। नजदीक ही बिल्लोचपुरा स्टेशन भी है। इस वजह से आग बुझाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। धमाके भी हुए। दमकल कर्मियों ने तीन घंटे में आग पर काबू पाया। हालांकि जलती हुई रबड़ शीट में पानी डालने से लपटें निकल रही थीं। इस कारण रात में एक टीम लगी रही। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होने की आशंका है। इसकी टीम जांच कर रही है।

फैक्ट्री नाई की मंडी निवासी मोहम्मद फारुख की है। इसमें जूते-चप्पल में लगने वाली रबड़ की शीट बनाई जाती हैं। इसके एक तरफ बिल्लोचपुरा स्टेशन हैं। यहां से आगरा-दिल्ली रेलवे लाइन गुजरती है। वहीं पीछे की तरफ सेलम की फैक्टरी चलती है। वहीं दूसरी तरफ बंद पड़ी फैक्टरी है। रात में दो गार्ड रहते हैं। मंगलवार को मोहम्मद फारुख रिश्तेदार के घर शादी में दिल्ली गए थे। इस कारण फैक्टरी बंद थी। रात तकरीबन पौने नौ बजे गार्डों ने धुआं निकलता देखा। वो कुछ कर पाते, तब तक लपटें उठने लगीं। उन्होंने शोर मचा दिया। इस पर फैक्टरी के पास रहने वाले लोग आ गए। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी।

इस पर ईदगाह और संजय प्लेस फायर स्टेशन से 8 दमकल पहुंच गईं। फैक्टरी में टिन शेड पड़ी थी। इससे लपटें बाहर आ रही थीं। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। मुख्य गेट और टिन शेड की जाली से पानी डालना शुरू किया। मगर रबड़ होने की वजह से लपटें कम नहीं हुईं। रात तकरीबन 12 बजे पूरी तरह से आग पर काबू पाया जा सका। वहीं घटना के बाद से ही गार्डों का पता नहीं है। वह अग्निशमन अधिकारी के सामने नहीं आए। एफएसओ सोमदत्ता सोनकर ने बताया कि आग लगने का कारण शार्ट सर्किट हो सकता है। गार्डों से पूछताछ की जाएगी। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। घटना के बाद विजय कुंज के लोग भी आ गए। उनका कहना था कि फैक्टरी में रात के समय ज्यादा काम होता है। 10-12 श्रमिक काम करते हैं। रात में मशीनों की आवाज आती है। हालांकि फैक्टरी के आसपास किसी का घर नहीं है। इसमें आग बुझाने के इंतजाम थे या नहीं इसकी जांच की जानी चाहिए।

## सट्टा खाईबाड़ी करते पकड़ा गया युवक

**आगरा** एनएनआई। एत्मादौला थाने के डिवीजन चौकी प्रभारी द्वारा देर रात गश्त के दौरान अंग्रेजी शराब ठेके के पास सट्टा खाई-बाड़ी करते एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ लिया। क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुशील नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति सट्टे का अवैध कारोबार कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उपनिरीक्षक अरुण कुमार और सिपाही राजकुमार ने मौके से मुरारीलाल (55), निवासी गौतम नगर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 3 सट्टा पर्चियां, एक डायरी, एक पेन और ?2610 नकद बरामद हुए। बरामद पर्चियों में विभिन्न नंबर दर्ज मिले। आरोपी ने सट्टे की खाई-बाड़ी से ही कमाई करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 13-ऋएक्ट (सट्टा) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
बुधवार, 10 दिसम्बर, 2025


## पोषण स्तर में सुधार के साथ निगरानी की जाएः सीडीओ




एनएनआई

**आगरा।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण मिशन एवं कन्वर्जेन्स विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये कि केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप बच्चों और गर्भवती महिलायों, धात्री महिलाओं, किशोरियों के पोषण स्तर में सुधार लाने के साथ ही परस्पर निगरानी की जाए तथा समय से पुष्टाहार का वितरण व स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराई जाए। महिलाओं, बच्चों व किशोरियों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता के लिए जागरूक करने के साथ ही कुपोषित, मैम एवं सैम बच्चों का चिन्हांकन करके नियमित सुविधा उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही ई कवच पोर्टल में फीड भी कराया जाए ताकि उन बच्चों की परस्पर निगरानी की जा सके । बैठक में निर्देश दिए गए कि सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों के रूप में विकसित किये जा रहे केन्द्रों पर रैनवाटर हार्वेस्टिंग, पोषण वाटिका व बाला पेंटिंग को सम्बन्धित विभागों के समन्वय ससमय पूर्ण कराये जाने एवं निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गये।

## प्रकाश पर्व की तैयारियों को लेकर डीएम से मिला सिख प्रतिनिधि मण्डल



एनएनआई

**आगरा।** सरबंसदानी साहिब ए कमाल गुरु गोबिंद सिंह साहिब के प्रकाश पर्व से पूर्व सिखों की धार्मिक नुमाइंदा केंद्रीय संस्था गुरु सिंह माईथान के तत्वाधान में 14 दिसम्बर को निकाले जा रहे नगर कीर्तन की व्यवस्थाओं के सन्दर्भ में सिख समाज का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी अरविंद बंगारी मलप्पा एवं डी सी पी ट्रैफिक सोनम कुमार से उनके कार्यालय पर श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान कंवलदीप सिंह के साथ मिला।

उनके साथ गुरुद्वारा माईथान के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी कुलविन्दर सिंह, गुरुद्वारा गुरु के ताल से महंत हरपाल सिंह, सिंह सभा के चेयरमैन परमात्मा सिंह अरोरा, समन्वयक बंटी ग्रोवर, पाली सेठी, वीरेंद्र सिंह एवं प्रवीण अरोरा शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से गत वर्षों की भांति नगर कीर्तन से पूर्व मार्ग का निरीक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की मांग की। जिलाधिकारी ने शीघ्र बैठक करवाये जाने का भरोसा दिलाया। डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार ने पूर्व की तरह सभी व्यवस्थाओं करवाने का आश्वासन दिया। नगर कीर्तन गुरु ग्रंथ साहिब की सरपरस्ती एवं पांच प्यारों की अगुवाई में गुरुद्वारा माईथान साहिब से शुरू होकर, घटिया, हरी पर्वत से स्पीड कलर लाइब से बाग फरजाना.आर बी एस चौराहे से मास्टर प्लान रोड स्पर्श मलहोत्रा हास्पिटल के सामने होता हुआ खंदारी पुल से सर्विस लाइन से ट्रांसपोर्ट नगर के सामने से होता हुआ बसंत ओवरसीज के सामने से होता हुआ गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब गुरु का ताल पहुंचेगा यहां श्रीमान संत बाबा प्रीतम सिंह जी मौजूदा मुखी गुरुद्वारा गुरु का ताल सेवक जत्था संगत के सहयोग से नगर कीर्तन का स्वागत करेंगे ।

## वाणिज्य बंधु की बैठक में जताई आपत्ति

**आगरा (एनएनआई)।** जिला वाणिज्य बंधु समिति की बैठक में राजामंडी बाजार एसोसिएशन लाभचंद मार्केट के व्यापारियों ने नोटिसों को लेकर आपत्ति जताई। कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम वित्त एवं राजस्व शुभांगी शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में जानना चाहा कि जब आठ माह पहले नगर निगम द्वारा राजामंडी होटल धर्मलोक व लाभचंद मार्केट का पट्टा निरस्त कर दिया गया है तो फिर एडीएम सिविल सप्लाई द्वारा लाभचंद मार्केट एसोसिएशन को डिग्री बनाकर 750 रुपये स्क्वायर फुट के हिसाब से किराया पट्टेदार को जमा कराने के लिये नोटिस क्यों भेजे जा रहे हैं। व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम की बेशकीमती जमीन केवल 27 रुपये प्रति वर्ष से पट्टेदार को दी गयी है, जबकि पट्टेदार प्रति माह किराये के रूप में लाखों रुपये वसूल रहा है। इससे नगर निगम को प्रति वर्ष करोड़ों रुपये का चूना लग रहा है। बैठक में संजय प्लेस पार्किंग विवाद को सुलझाने के लिये एडीए व नगर निगम और व्यापारियों की संयुक्त कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। बृजेश पंडित ने साई की तकिया से लेकर नामनेर चौराहे तक फुटपाथ पर अतिक्रमण की समस्या को रखा। जय पुरसनानी ने भोगीपुरा से लेकर रूई की मंडी चौराहे और शाहगंज मेन बबाजार को जाम से छुटकारा दिलवाने के लिये व ऑटो व मयूरी को ढंग से लाइन में चलाने की मांग की गयी। राजेश राठौड़ ने ताजगंज की तीन समस्याओं का समाधान कराने की मांग रखी। विजय सामा ने संजय प्लेस की समस्याओं को रखा। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं एडीएम वित्त एवं राजस्व शुभांगी शुक्ला ने सभी समस्याओं का समाधान कराने के लिये संबंधित विभागों को निर्देश दिये। अगली बैठक तक सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में सहायक नगर आयुक्त सरिता सिंह, एडीसीपी हिमांशु गौरव, टोरेंट पावर से विमर्श पंडित के अलावा व्यापारीयों की ओर से जय पुरसनानी, बृजेश पंडित, राजीव गुप्ता, संजय अरोरा, राकेश बंसल, संदीप गुप्ता, राजेश राठौड़, विजय सामा, कन्हैया लाल राठौड़, साहूकार सिंह, अशोक जैसवानी, नरेंद्र अमरनानी उपस्थित रहे।

## सहायक नगर आयुक्त प्रकरण : आमने-सामने मेयर और नगर निगम कर्मचारी



- जन्मदिन के शुभकामना होर्डिंग हटाए जाने से नाराज हुई महापौर
- नगरायुक्त पर लगाया राजनीति का आरोप, नगर निगम अधिकारियों ने हार्डिंग हटाने से किया इन्कार
- कर्मचारियों का आज वर्कशॉप पर भी तालाबंदी का ऐलान

एनएनआई

**आगरा।** सहायक नगर आयुक्त अशोकप्रिय गौतम के साथ हुई कथित मारपीट का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। विरोध स्वरूप नगर निगम के कर्मचारियों ने निगम परिसर में तालाबंदी कर दी और धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह के भतीजे हर्ष दिवाकर द्वारा सहायक नगर आयुक्त के साथ अभद्रता की गई। घटना की कार्रवाई न होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। कर्मचारियों ने नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल सहित अधिकारियों के कक्षों पर ताले जड़ दिए, जिसके चलते निगम का कार्यप्रवाह पूरे दिन बाधित रहा। कर्मचारियों ने घोषणा की कि आज बुधवार को वर्कशॉप पर भी तालाबंदी की घोषणा की है। इस घमासान के बीच मेयर के जन्मदिन के होर्डिंग हटाये जाने से आग में घी डालने का काम किया है। मेयर ने सख्त नाराजगी जताते हुए सहायक नगरायुक्त पर उनके शुभकामना होर्डिंग हटाये जाने का आरो लगाया है। वहीं मेयर के आरोपों को नगर निगम के अधिकारियों ने सिरे से खारिज कर दिया है। शहर की सफाई के जिम्मेदार नगर निगम को खुद की सफाई की जरूरत पड़ गई है।

### यदि हर्ष दोषी हुआ तो स्वयं पुलिस के हवाले कर दूंगी-महापौर

भ्रष्टाचार छिपाने का भी लगाया आरोप, थर्ड पार्टी जांच की मांग

इसी बीच महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने निगम कर्मियों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि किसी के बहकावे में न आएं तथा कार्य सुचारू रूप से संचालित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि हर्ष गलती पर पाया गया तो मैं स्वयं उसे पुलिस के हवाले कर दूंगी। अभी तक किसी भी प्रकार का प्रमाण प्रस्तुत नहीं हुआ है। सभी आरोप आधारहीन प्रतीत हो रहे हैं। महापौर ने कहा कि जिस कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त द्वारा मारपीट का आरोप लगाया गया है, वहां सैकड़ों लोग मोबाइल के साथ मौजूद थे, किंतु अब तक किसी भी रिकॉर्डिंग के रूप में पुष्ट साक्ष्य नहीं मिले। उन्होंने बताया कि उन्होंने मंडलायुक्त व पुलिस आयुक्त को पूरे विषय से अवगत करा दिया है। महापौर ने सहायक नगर आयुक्त पर संगठित गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार को छिपाने के प्रयास का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि यह विवाद किसी एक सड़क या एक करोड़ रुपये तक सीमित नहीं है, बल्कि कई विकास कार्यों में अनियमितताओं की प्रारंभिक संभावना है। उन्होंने दावा किया कि लगभग 25 कार्यों में करोड़ों रुपये के दुरुपयोग के संकेत मिले हैं, जिनकी थर्ड पार्टी जांच आवश्यक है। महापौर ने कहा कि वह जनता द्वारा चुनी गई प्रतिनिधि हैं और नगर विकास में जनता के धन की सुरक्षा उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस संबंध में उन्होंने प्रकरण को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की जानकारी दी और लखनऊ जाकर जांच आदेश लाने की बात कही।

# २८ हजार विद्यार्थियों ने पढ़ा गीता सार

- पुरस्कार वितरण समारोह में होगी उपहारों की बौछार
- गीता ओलम्पियाड में 200 स्कूलों के 28 हजार विद्यार्थियों ने किया था रजिस्ट्रेशन
- 14 को सूरसदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख 15 पुरस्कार के साथ 300 विद्यार्थियों को मिलेंगे सांत्वना पुरस्कार



एनएनआई

**आगरा।** शहर के 200 स्कूलों के 28 हजार विद्यार्थियों में से किसने गीता सार को भली भांति समझा, इसका नतीजा 14 दिसम्बर को सूरसदन में आयोजित शंखनाद-3 गीता ओलम्पियाड पुरस्कार वितरण समारोह में खुलेगा। इस्कॉन (अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ) द्वारा गीता ओलम्पियाड के तहत मेगा यूथ फेस्ट-2025 शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 300 से अधिक विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उद्देश्य युवा पीढ़ी में भारतीय परम्पराओं, संस्कृति और संस्कार से जुड़ी रहे, इसके लिए इस्कॉन द्वारा शहर के विभिन्न स्कूलों में गीता सार पढ़ा कर नैतिक, सामाजिक व पारीवारिक शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर इस्कॉन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवकीनन्दन प्रभु व स्कॉन यूथ फारम के अध्यक्ष सुन्दरगोपाल प्रभु भी शामिल होंगे।

कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर (इस्कॉन) में आयोजित आमंत्रणपत्र विमोचन कार्यक्रम में यह जानकारी मंदिर के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने देते हुए बताया कि आज की युवा पीढ़ी ओवरथिंकिंग और डिप्रेशन जैसी परेशानियों से गुजर रही है। इस अदृश्य वायरस से सिर्फ गीता ही मुक्ति और सुखी जीवन दे सकती है। इसी उद्देश्य के साथ स्कूलों में गीता सार बढ़ाकर तीन वर्गों में परीक्षा ली गई। जिसमें मुस्लिम बच्चों ने भी भीग लिया। 14 दिसम्बर को कार्यक्रम का शुभारम्भ आगरा विवि की कुलपति आशू रानी करेंगी। मुख्य वक्ता प्रबोधानन्द सरस्वती महाराज होंगे। नितेश अग्रवाल ने बताया कि अपनी संस्कृति और संस्कारों से दूर होते बच्चों को हमने अभी नहीं सम्भाला तो आगे बहुत विषम परिस्थियां पैदा हो जाएंगी। गीता इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलेन्द्र अग्रवाल, आशू मित्तल, सुनील मनचंदा, संजय कुकरेजा, राकेश उपाध्याय, ओमप्रकाश अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, सुशील ग्रवाल, संजीव मित्तल, प्रिया विश्वास, स्वीटी, शाश्वत नंदलाल, विश्वरूप प्रभु, हितेश, नमन आदि उपस्थित थे। इस्कॉन की अदिति गौरांगी ने बताया कि इस वर्ष अगस्त से नवम्बर माह तक शहर के सभी छोटे बढ़े लगभग 200 स्कूलों में स्कूलों में कक्षा 6-12 तक के लगभग 28 हजार विद्यार्थियों के लिए गीता सार की क्लाससेज ली जा चुकी हैं। क्लास के एक हफ्ते बाद विद्यार्थियों की परीक्षा ली गई। इसके उपरान्त प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। जो बच्चे या अभिभावक गीता की शिक्षा अपने बच्चों को देना चाहते हैं, उनके लिए ऑनलाइन क्लासेस भी ली जाती हैं।

## सर्वाइकल कैंसर का घातक बीमारियों में तीसरा स्थान

- 8 दिसंबर को सर्वाइकल कैंसर शिविर में 100 युवतियों का निःशुल्क हुआ टीकाकरण



एनएनआई

**आगरा।** लड़कियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एनएसके बेयरिंग्स इंडिया प्रा. लि. व एक पहल बी॰आर॰ मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का आयोजन रश्मि मेडिकेयर सेंटर, आगरा में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ॰ पीयूष जैन, एन टी सी पी आगरा की काउन्सेलर पूजा कुलश्रेष्ठ, एफ एल सी सुशील शर्मा तथा डीसी एन टी सी पी दिलीप वर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज की और तंबाकू सेवन रोकने की शपथ दिलवाई। एक पहल की मैनेजमेंट कमेटी के सीए गौरव बंसल ने बताया कि लड़कियों में सर्वाइकल कैंसर घातक बीमारियों में तीसरे स्थान पर आता है। टीकाकरण के माध्यम से इस बीमारी को देश से समाप्त करने में सहायता मिल सकती है। 9 से 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए यह वैक्सीन विशेष रूप से उपयोगी है, जो शरीर को संक्रमण से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करती है। प्रारंभिक जांच और समय पर टीकाकरण से इसका उपचार सरल और प्रभावी बन जाता है। एक पहल की अध्यक्ष डॉ॰ ईभा गर्ग ने बताया कि शिविर में एक पहल पाठशाला, बी.डी. कॉन्वेंट स्कूल, नव ज्योति बालिका विद्यालय और डॉ. कमलेश स्मृति प्राथमिक साक्षरता केंद्र की लगभग 100 छात्राओं का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। साथ ही सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी ए आलोक अग्रवाल, सी ए मोहन कुकरेजा, ललित अरोड़ा, प्रियंका अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, डॉ. पंकज कौशिक, डॉ. विनीत चौहान, आशु मित्तल, दीपाली खेत्रपाल, सी ए आशीष जैन, अतुल मित्तल, नवीन सिंघल, मनीष राय, मानस राय, अक्षेष मित्तल, नवीन कुमार तथा एक पहल संस्था की पूरी टीम का सहयोग सराहनीय रहा।

## जिले में 47 स्वास्थ्य इकाइयों पर आयोजित हुआ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस



- गर्भवती को मिल रही है गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल, पीएमएसएमए दिवस पर हुई जांच

एनएनआई

**आगरा।** जनपद में 47 स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस मनाया गया। इस दिवस के तहत, द्वितीय एवं तृतीय तिमाही की गर्भवस्था वाली गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच की गई। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को जांच, आयरन, कैल्शियम की गोलियां, और परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। पीएमएसएमए का उद्देश्य गर्भवती को गुणवत्तापूर्ण और व्यापक प्रसवपूर्व देखभाल प्रदान करना है, जिससे मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस के तहत गर्भवती की प्रसवपूर्व जांच की गई। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए पीएमएसएमए दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसमें गर्भवती की दूसरे व तीसरे त्रैमास में एमबीबीएस डॉक्टर व स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा प्रसव पूर्व जांच की जाती है। डिप्टी सीएमओ आरसीएच डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस के दौरान गर्भवती का टीकाकरण, आयरन व कैल्शियम की गोलियों का वितरण, आयरन सुक्रोज, अल्ट्रासाउंड सहित, यूरिन, हीमोग्लोबिन, शुगर, सिफलिस , वजन, पेट की जांच, हेपेटाइटिस बी, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, सीबीसी और एचआईवी, टीबी की जांच की गई । इसके अलावा केंद्र पर आने वाले दंपति को बास्केट ऑफ च्वॉइस की सहायता से परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछनेरा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस पर 118 गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच की गई, जिसमें 12 उच्च जोखिम वाली गर्भवती को चिन्हित करके संदर्भित किया गया।

# महिला रोगों के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

**मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार एवं निःशुल्क हेल्थ कैंप का सफल आयोजन**

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद परिसर खंदारी स्थित गृह विज्ञान संस्थान में मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य पर जागरूकता सेमिनार एवं हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गृह विज्ञान संस्थान द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन एवं संस्थान की समन्वयक प्रो. अचला गखखड़ के निर्देशन में संपन्न इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. दीप्ति सिंह और डॉ प्रिया यादव रहीं। सेमिनार में 11 से 25 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 90-



100 छात्राओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत नोडल अधिकारी डॉ. पीयूष जैन द्वारा सभी प्रतिभागियों को तंबाकू उन्मूलन की शपथ दिलवाने के साथ हुई। इसके बाद डॉ. जैन ने डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, मोटापा तथा अन्य गैर-संचारी रोगों के बढ़ते खतरे और बचाव के उपायों पर विस्तृत प्रकाश डाला। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता भागिया ने सर्वाइकल कैंसर, प्रजनन स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता तथा अन्य स्त्री रोगों के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. ममता यादव ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन तथा परामर्श की महत्ता पर उपयोगी सुझाव दिए। फिजिशियन डॉ. अंकित यादव एवं डॉ. पखर बंसल ने भी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं तथा जीवनशैली रोगों से बचाव हेतु महत्वपूर्ण परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम के व्यावहारिक हिस्से में दंत चिकित्सा जांच, रक्तचाप, रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) आदि की निःशुल्क जांच की गई, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह आयोजन मिशन शक्ति के उद्देश्यों के अनुरूप महिलाओं एवं किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति सशक्त एवं जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



## सीडीओ ने किया जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय इटौरा का निरीक्षण



एनएनआई

**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह आगरा नें जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय इटोरा आगरा का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी आगरा जीआर प्रजापति भी मौजूद रहे। उन्होंने सबसे पहले विद्यालय में चल रही वेटलिफ्टिंग व पावरलिफ्टिंग के खिलाड़ियों से मिलते हुए उनका प्रदर्शन को देखा और हाल ही में हुई प्रतियोगिता वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीतने वाले विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र धारिया व छात्र रमन को पदक जीतने की शुभकामनाएं दी। खेल से खुश होकर अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी आश्वासन दिया और जल्द ही विद्यालय में 10 लाख से वेटलिफ्टिंग हॉल तैयार कराया जाएगा। इसके बाद अंग्रेजी लैब का निरीक्षण किया। इसके बाद विद्यालय के हॉस्टल और मैस की व्यवस्था देखी जिसका संचालन महिला समूह द्वारा जय भीम प्रेरणा कैंटीन छात्रों को मीनू के अनुसार अच्छा भोजन उपलब्ध करा रही है। छात्रों से खाने की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। प्रधानाचार्य को सफाई की ओर ध्यान देने को कहा और जल्द ही विद्यालय और मैस में साफ जल हेतु आरओ लगवाने के लिए कहा।

# आवास विकास परिषद की भूमि से हटाया अवैध कब्जा

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा संचालित कस्बा/कमला नगर योजना के अंतर्गत ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या ॠ-ल-06/1 पूजा सहकारी आवास समिति लिमिटेड, आगरा को विधिवत रूप से आवंटित है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल लगभग 7000 वर्ग मीटर है।

पूर्व में भूमि पर कब्जे को लेकर उत्पन्न विवाद के चलते समिति को निर्माण कार्य से रोका गया था तथा मामला न्यायालय में विचाराधीन रहा। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में जिला प्रशासन द्वारा कराई गई पैमाइश में लगभग 4300 वर्ग मीटर भूमि विवादमुक्त पाई गई, जिसे परिषद एवं न्यायालयीय निर्देशों के क्रम में आवास समिति को सुपुर्द कर दिया गया। शेष लगभग 2700 वर्ग मीटर भूमि विवादग्रस्त बनी रही।



प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जी. एम. खान द्वारा प्रेषित जानकारी के अनुसार, भूखण्ड स्वामी मनोज गोयल की शिकायत पर जाँच उपरांत विवादग्रस्त भूमि को खाली कराने हेतु दिनांक 09 दिसंबर 2025 को अधीक्षण अभियंता श्री अतुल कुमार के आदेश पर अधिशासी अभियंता श्री अनिल कुमार के नेतृत्व में परिषद के प्रवर्तन दल द्वारा जेसीबी एवं ट्रैक्टर की सहायता से अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 2300 वर्ग मीटर क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। शेष भूमि को कब्जामुक्त कराने हेतु विधिक प्रक्रिया प्रचलित है।

कार्रवाई के दौरान भूमि पर कुछ बिल्डिंग मटेरियल व्यवसायियों द्वारा अवैध रूप से किए जा रहे व्यवसाय तथा करीब एक दर्जन झुग्गी-झोपड़ियों के होने की पुष्टि हुई, जिन्हें पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से हटाया गया। कार्रवाई के समय आवास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौके पर उपस्थित रहे। अभियान के दौरान सहायक अभियंता श्री योगेश, अवर अभियंता श्री प्रशांत सहित प्रवर्तन दल की टीम मौजूद रही।

## सेवा आगरा ने 100 से अधिक महिलाओ को बांटे कंबल



एनएनआई

**आगरा।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए, समाजसेवी संस्था 'सेवा आगरा' ने जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। मंगलवार को विकल चौक स्थित फाउंटेन पार्क में एक विशेष कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान, 100 से भी अधिक जरूरतमंद महिलाओं को गर्म कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें भीषण सर्दी से बचाव मिल सके। सेवा आगरा के संस्थापक अध्यक्ष और पार्षद मुरारी लाल गोयल 'पेंट' और सुमन गोयल ने इस पहल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में अक्सर ऐसे गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोग होते हैं जिनके पास रजाई या कंबल नहीं होते। ठंड के कारण ऐसे लोग जल्दी ही बीमार पड़ जाते हैं। संस्था का उद्देश्य है कि इन सर्द रातों में कोई भी व्यक्ति सर्दी की चपेट में आकर परेशान न हो। कार्यक्रम में उपस्थित हरिओम गोयल,कुमकुम उपाध्याय,मीरा कुशवाहा मयंक खंडेलवाल, अनामिका कुशवाहा आदि रहे।

## हृदय का प्रेम ही संबंधों का वास्तविक आधार

एनएनआई

**आगरा।** कावेरी कौस्तुम्भ, भावना एस्टेट में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें एवं समापन दिवस पर कथा स्थल भक्तिरस, भावनाओं और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। जहाँ रुक्मणि हरण और दिव्य विवाह का अलौकिक वर्णन श्रवण कर श्रद्धालु आनंदित हुए, वहीं श्रीकृष्णझसुदामा की अद्वितीय मित्रता लीला ने हर हृदय को भावुक कर दिया।

कथा व्यास भागवत रत्न से अलंकृत मोहित स्वरूप आचार्य (वृंदावन) ने रुक्मणि हरण, श्रीकृष्णझरुक्मणि विवाह तथा श्रीकृष्णझसुदामा की चिरकालीन मित्रता का अद्भुत वर्णन करते हुए



भावपूर्ण शैली में बताया कि रुक्मणि जी परम भक्ति और समर्पण की प्रतिमूर्ति हैं। शिशुपाल से विवाह के प्रयासों के बीच रुक्मणि ने श्रीकृष्ण को पत्र लिखकर अपनी व्यथा और भक्ति व्यक्त की। कथा के सबसे भावनात्मक क्षण तब आए जब आचार्य ने श्रीकृष्ण-सुदामा की अद्वितीय मित्रता का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह मित्रता संसार को सिखाती है कि हृदय का प्रेम ही संबंधों का वास्तविक आधार है। न धन की आवश्यकता, न पद की—सिर्फ सच्चे भाव की जरूरत होती है।

इस अवसर अनीशा शर्मा, अमित शर्मा, श्रद्धा शर्मा, मौली शर्मा, सुहानी शर्मा, एकाग्र वशिष्ठ, लावण्या वशिष्ठ, संजय गोयल, नरेश सिंह, नरेंद्र गुप्ता, विजय बंसल, सिद्धार्थ गोयल, अलका गोयल, सोनाली, संतोष अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, गजेंद्र सिंह, रघु अग्रवाल, अमित अग्रवाल, डॉ जेपी यादव, ऋषि खंडेलवाल, विजय अग्रवाल, अखिलेश दुबे, संजीव लूथरा, संदीप लूथरा आदि ने व्यवस्था संभाली।

## लोभ का नाश करने के लिए जरूरी है संतोष



**आगरा** एनएनआई। भोले बाबा पार्क सेवा समिति कमला नगर द्वारा आयोजित भागवत कथा मे व्यास आचार्य श्री बृज किशोर, वशिष्ठ ने विदुर चरित्र, वराह भगवां न की कथा, भरत जी की कथा का विस्तार से वर्डन किया। लोभ पाप का मूल है, लोभ को नाश करने के लिए संतोष की आवश्यकता है। संतोष मिलता है ज्ञान से, ज्ञान मिलता है सत्संग से, सतसंग मिलता है भगवत कृपा से। जब तक हमारे जीवन मे ज्ञान, भक्ति नही है, तब तक लोभ का नाश नही हो सकता। भारी संख्या मे भक्त लोगों ने भक्ति भाव से कथा सुना और आज के तीन परीक्षित ( देवेंद्र सिंघल , योगेश गुप्ता, पवन गुप्ता) ने आरती उतार कर जय जय श्री राधे के जयकारे लगाकर कथा का विश्राम हुआ। इस अवसर पर पंडित श्रीकृष्ण मिश्र, योगेश जैसवाल, देवेंद्र शर्मा, राजीव गुप्ता, राजीव शर्मा, के डी गोयल, पारुल, प्रियंका, सुमन राधा, प्रीति आदि उपस्थित रहे।

## भव्य कीर्तन दरबार से होगा नए वर्ष का स्वागत

**आगरा** एनएनआई। सिख यूथ वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन एवं गुरुद्वारा साहिब नॉर्थ ईदगाह कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में धन धन श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की हजूरी में नए वर्ष के स्वागत हेतु एक भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा। गुरु महाराज जी की कृपा तथा साध संगत के सहयोग से होने वाला यह विशेष कार्यक्रम रात 8 बजे से गुरुद्वारा साहिब नॉर्थ ईदगाह, पुलिस लाइन, आगरा में आयोजित होगा।

कार्यक्रम में कीर्तन हाज़िरी देने हेतु प्रमुख रागी जत्थे विशेष रूप से पधार रहे हैं, जिनमें भाई साहिब भाई कुलविंदर सिंह जी महल, हजूरी रागी, श्री दरबार साहिब, अमृतसर भाई साहिब भाई प्यारे सिंह जी, बंबई वाले भाई साहिब भाई हरप्रीत सिंह जी जत्था, आगरा वाले उक्त कीर्तन दरबार में सभी रागी जत्थे गुरु महाराज जी की महिमा का गायन कर संगत को निहाल करेंगे।

आयोजकों ने गुरुप्यारी साध संगत से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु घर की खुशियाँ प्राप्त करें और नए वर्ष की शुरूआत गुरु महाराज जी की असीस के साथ करें। गुरद्वारा दुख निवारण गुरु का ताल के संत बाबा प्रीतम सिंह जी का विशेष सहयोग गुरु सेवक श्याम भोजवानी ने बताया संगत की सुविधा के लिए वैलेट पार्किंग की विशेष व्यवस्था भी की गई है।



# एडीएम ने जमा करवाए किसानों के प्रपत्र

## निजी कर्मियों को केंद्र से हटाने के निर्देश

एनएनआई



**खेरागढ़।** कस्बे की चर्चित अनाज मंडी जहां किसने के साथ भेदभाव कर एम आई, निजी कर्मियों द्वारा जनता का शोषण किया जाता रहा है। वही खैरागढ़ बाजरा खरीद केंद्र पर पिछले कई दिनों से किसानों के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर पत्रकार द्वारा कवरेज के दौरान बौखलाए एम आई एवं निजी कर्मियों द्वारा पत्रकार के साथ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई।

वही एडीएम ने खैरागढ़ बाजार खरीद केंद्र पर पहुंचकर किसानों के प्रपत्र जमा करवाएं एवं टोकन सिस्टम लागू किया गया। बाजार खरीद केंद्र पर अव्यवस्थाओं और किसानों से अभद्र व्यवहार की शिकायतों पर मंगलवार को एडीएम नागरिक आपूर्ति अजय नारायण सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच की और किसने की समस्याएं सुनी। एडीएम ने किसानों की लंबी शिकायत को देखते हुए लाइन लगवा कर वहीं पर प्रपत्र जमा कारण ताकि किसी को अनावश्यक परेशानी ना उठानी पड़े। उन्होंने मौके पर मौजूद निजी कर्मियों को केंद्र से तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

बताया जा रहा है कि दोनों निजी कर्मियों पर एक दिन पहले ही मुकदमा दर्ज हुआ था इसी बीच एक निजी कमी का किसानों से पैसे की मांग करते हुए प्रसारित हुआ ऑडियो भी जांच का विषय बना हुआ है।पुलिस ने निजी कर्मियों संजीव और मनीष को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया है। हालांक प्रसारित ऑडियो में नाम आई एम आई विकास जयंत पर कोई कार्रवाई न होने से जिला प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं किसानों ने बाजरा खरीद केंद्र में बड़े घोटाले की आशंका जताई है। और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

छापेमारी के दौरान एसडीम ऋषि राव जिला विपणन अधिकारी नंदकिशोर और मंडी सचिव कमल सिंह भी मौजूद रहे।



# एसआईआर में 2 दिन शेष, 99 फीसदी बीएलओ ने किया शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन

एनएनआई

**बाह।** विधानसभा क्षेत्र बाह में 361 बूथ हैं, एसआईआर में 2 दिन बचे हैं, समय से पहले ही 359 बीएलओ ने अपना शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम पूरा किया है। 99 फीसदी बीएलओ ने दो दिन पहले ही काम का निपटान कर दिया है, महज दो बीएलओ का काम अधूरा है। विधानसभा क्षेत्र बाह की निर्वाचक नामावली में 339350 मतदाता हैं, जिनमें से 278370 मतदाता डिजिटाइज हो गये हैं। 60283 ऐसे मतदाता हैं, जो मिले नहीं हैं। बाह के एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि बीएलओ द्वारा तैयार की गई मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट (सूची में एक से अधिक जगह नाम) और लापता मतदाताओं की सूची बूथ पर चस्पा कर दी हैं। राजनैतिक दलों के बीएलए से पड़ताल कर वंचित का गणना प्रपत्र भरवाने का आहवान किया गया है। जिससे कोई नाम मतदाता सूची से छूटे नहीं। तहसीलदार बाह संपूर्ण कुलश्रेष्ठ बीएलओ का अधूरा काम पूरा कराने के लिए दिन भर दौड़े। जन सामान्य से सहयोग का आहवान किया। इतना ही नहीं उन्होंने कलींजर और जरार के बूथ पर पहुंच कर बीएलओ द्वारा तैयार की सूचियां ग्रामीणों और बीएलए की मौजूदगी में पढ़ी, उनसे तस्दीक कराई, ताकि किसी भी वोटर का नाम छूटे नहीं।

### बीएलओ टीम को किया सम्मानित

**खेरागढ़।** विकासखंड खैरागढ़ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी कला में निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार किया जा रहे एसआईआर कार्य के पूर्ण होने पर मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर मोहम्मद अजीम कुरेशी ने अपने अधीनस्थ सभी बीएलओ का उपहार देकर स्वागत सम्मान किया। सम्मान समारोह में जितेंद्र गुप्ता, आलोक शर्मा, हरेंद्र सोलंकी, शाहिद बी, मुकेश, जितेंद्र, मनोज प्रताप, सुजाता, राहुल, विनोद चाहर, संजय, गुलाब, जयवीर सोलंकी, प्राची, लीना, तृप्ति अग्रवाल सहित अन्य सहयोगी बीएलओ उपस्थित रहे।

# निमार्णाधीन टंकी से गिरा मजदूर, हालत गंभीर

**खेरागढ़ एनएनआई।** कस्बे के डांक बंगला चौराहे पर बनी पानी की सरकारी टंकी पर मंगलवार को हादसा हो गया। निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर टंकी से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर गोपी पुत्र मलखान सिंह निवासी पर्वतपुर, जिला शाहजहांपुर बताया गया है। वह टंकी के ऊपर काम कर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। घटना के बाद अन्य मजदूर उसे अस्पताल ले गए। 18 फरवरी मदन सिंह के अनुसार घायल मजदूर का उपचार आगरा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

# छात्र-छात्राओं को दी साइबर अपराध की जानकारी



एनएनआई

**बाह।** इंटरनेट संचार के विस्तार के साथ ही साइबर अपराध का चलन बढ़ गया है। डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। सोमवार को बाह के आशाराम रामनिवास आदर्श इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध मुक्त समाज के निर्माण की प्रधानाचार्य विनोद कुमार दीक्षित ने शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि इंसान इंटरनेट का आदी हो गया है, जिसके नित नए दुष्प्रभाव सामने आ रहे हैं। ऑनलाइन ठगी जैसी घटनाएं हो रही हैं। छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया पर आचरण और व्यवहार के तरीके बताए। खुद सतर्क रहें, अपने परिजन और बस्ती के लोगों को जागरुक करें। ताकि साइबर अपराध मुक्त समाज का निर्माण हो सके। जानकारी के अभाव में लोग जाने अनजाने में साइबर अपराध में फंस कर अपनी जीवन की गाढ़ी पूरी गवां बैठते हैं। शपथ के दौरान गिरजेश यादव, अनिल तोमर, श्याम सिंह राठौड, अरुण दुबे, अमित पेंगोरिया, संतोष शर्मा आदि रहे।

# ताजनगरी को सोलर हब बनाने को हुई बिजनेस मीट




**आगरा एनएनआई।** भारत के सबसे तेजी से उभरते सोलर पैनल निमार्ता ब्राण्ड आत्मनिर्भर सोलर प्राइवेट लिमिटेड ने लेट्स कनेक्ट आगरा बिजनेस मीट 2025 का आयोजन किया। लेमन ट्री होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में सोलर क्षेत्र के दिग्गज उद्यमी, निवेशक, ईपीसी कंपनियाँ एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह आयोजन उत्तर प्रदेश विशेषकर आगरा क्षेत्र के रेजिडेंशियल, कमर्शियल एवं इंडस्ट्रियल सेक्टर में सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ। दीप प्रज्वलन के लिए मंच पर उपस्थित रहे। कैलाश मंदिर के पूज्य महंत निर्मल गिरी महाराज, भूमि विकास बैंक आगरा मंडल के निदेशक श्याम भदौरिया, अमित गोस्वामी, आगरा रीजनल एनर्जी के अध्यक्ष राजीव जायसवाल तथा आगरा के प्रमुख उद्योगपति सीताराम अग्रवाल उपस्थित रहे।

# ब्रज के सभी प्राचीन लीला स्थलों का संरक्षण करना ब्रजवासियों का परम कर्तव्य

एनएनआई

**वृन्दावन।** रतन छतरी-कालीदह रोड़ स्थित गीता विज्ञान कुटीर में वेदांत उपदेशक, श्रीमद्भगवद गीता के प्रकांड विद्वान, वयोवृद्ध व प्रख्यात संत गीता विज्ञान पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज (हरिद्वार) अपनी धार्मिक यात्रा पर श्रीधाम वृन्दावन आए हुए हैं। यहां उन्होंने विश्वविख्यात ठाकुर श्रीबांके बिहारी महाराज के दर्शन किए।साथ ही कई प्रख्यात संतों, धमार्चार्यों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात कर धर्म-अध्यात्म व अन्य विषयों पर विचार-मंथन किया।

महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि ब्रज मंडल की पावन भूमि अत्यंत पावन व पुनीत है।ये वहीं भूमि है, जहां योग-योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर अपनी अनगिनत लीलाएं की।ब्रज भूमि में आज भी ऐसे अनेकों प्राचीन मन्दिर, वन-उपवन, सरोवर व धार्मिक स्थल हैं,जहां भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराधा रानी की लीलाओं के प्रत्यक्ष प्रमाण मौजूद हैं।प्रभु के उन सभी प्राचीन लीला स्थलों का संरक्षण करके यथावत बनाए रखना ही समस्त ब्रजवासियों का परम कर्तव्य है।



कार्यक्रम के अंर्तगत ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष, साहित्य संस्कृति मनीषी, "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज को ठाकुरजी का प्रसादी पटुका ओढ़ाकर सम्मानित किया।साथ ही उन्होंने पूज्य महाराजश्री और उनके द्वारा संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए कहा कि महाराजश्री अपनी 113 वर्ष की आयु में भी समूचे विश्व में वेद-वेदान्त व श्रीमद्भगवद्गीता का सघन प्रचार-प्रसार कर असंख्य व्यक्तियों को सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

इससे पूर्व स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज के संरक्षण में गीता विज्ञान आश्रम, हरिद्वार से प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका "गीतालोक" का लोकार्पण भी हुआ। इस अवसर पर प्रख्यात चित्रकार "यूपी रत्न" द्वारिका आनंद, सनातन आस्था (नई दिल्ली) के निदेशक सुनील भारद्वाज, स्वामी हरिकेश्वर ब्रह्मचारी महाराज, स्वामी लोकेशानंद महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, स्वामी परमेश्वर दास महाराज, पण्डित ईश्वरचन्द्र रावत आदि की उपस्थिति विशेष रही।

## संपादकीय

# एकाधिकार से उड़ान का संकट

इंडिगो के कारण भारत के विमानन क्षेत्र में संकट आ गया है। असल में इंडिगो का संकट नागरिक विमानन मंत्रालय व नागरिक विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए और व्यापक रूप से केंद्र सरकार की ढिलाई और एकाधिकारवादी निजी कंपनी इंडिगो की मनमानी का नतीजा है। अगर मौजूदा संकट की बात करें तो सरकार ने मार्च 2024 में एक नियम बनाया और उसे लागू करने के लिए एक जुलाई 2025 और एक दिसंबर 2025 की डेडलाइन तय की और इतना समय देने के बाद भी इसे ठीक तरीके से लागू नहीं करा पाई। सवाल है कि क्या डीजीसीए को पता नहीं है कि देश के विमानन सेक्टर में करीब 65 फीसदी का हिस्सा रखने वाली और हर दिन 23 सौ उड़ानें संचालित करने वाली इंडिगो के पास पर्याप्त संख्या में पायलट नहीं हैं? निश्चित रूप से डीजीसीए को इसकी पूरी जानकारी थी क्योंकि उसके पास इस बात का पूरा आंकड़ा है कि देश में पायलट ट्रेनिंग के कितने इंस्टीट्यूट्स को मान्यता दी गई है, उनमें से प्रशिक्षित होकर कितने पायलट्स निकल रहे हैं और कितने लोगों को इंडिगो में नौकरी मिल रही है।उसे यह भी पता है इंडिगो के पास कितने जहाज हैं, कितनी उड़ानें हैं और कितने पायलट्स हैं। फिर भी उसने फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस यानी एफडीटीएल नियम लागू किया तो इसका रत्ती भर प्रयास नहीं किया कि सबसे बड़ी विमानन कंपनी इसे लागू करने की तैयारी शुरू करे। इसी साल अक्टूबर में डीजीसीए ने पर्याप्त पायलट ट्रेनिंग नहीं होने के लिए इंडिगो के ऊपर जुर्माना लगाया था। जाहिर है उसको पता है कि एफडीटीएल नियम को लागू करने के लिए इंडिगो ने कोई तैयारी नहीं की है। फिर भी उसने इंडिगो को तैयारी के लिए बाध्य नहीं किया और न समय रहते समय सीमा बढ़ाने का फैसला किया।डीजीसीए ने तमाम संबंधित पक्षों यानी विमानन कंपनियों से सलाह मशविरा करके एफडीटीएल नियम तैयार किया और लागू करने की तारीख तय की। बाकी कंपनियां, जिनके पास कम जहाज हैं उन्होंने पर्याप्त संख्या में पायलट नियुक्त किए। तभी एक दिसंबर को एफडीटीएल नियम लागू होने का असर उनकी सेवाओं पर नहीं पड़ा। आखिर एयर इंडिया की भी हर दिन एक हजार से ज्यादा उड़ानें होती हैं। लेकिन वहां पायलट और चालक दल की कमी से उड़ानें रद्द नहीं हुईं। जाहिर है इंडिगो ने सबसे बड़ी कंपनी होने और भारत के आकाश पर एकाधिकार होने के अहंकार में न तो पायलट भर्ती की और न चालक दल के अन्य सदस्यों की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति की।उसको विश्वास था कि वह सरकार से मनमाफिक फैसला करा लेगी। उड़ान को सुरक्षित बनाने के लिए भारत सरकार ने नियम जारी किए। इंडियो एयरलाइंस को वे नियम पसंद नहीं आए, क्योंकि उससे उड़ान संचालन की लागत बढ़ने वाली थी। उसने उन नियमों पर आपत्ति जताई, मगर सरकार ने उसे नजरअंदाज किया। इस बीच इंडिगो टिकट बुकिंग करती रही। उड़ानों को रद्द करने की पूर्व चेतावनी उसने जारी नहीं की। और अचानक रद्द करना शुरू कर दिया। उसे अंदाजा जरूर रहा होगा कि ऐसा होने पर खूब शोर-शराबा होगा और विमान यात्रा करने वाले लोगों की नाराजगी सरकार मोल नहीं ले सकती। आखिरकार सरकार को अपने दिशा-निर्देश वापस लेने पड़े। इंडिगो ने बुकिंग महीनों पहले की थी। उस रकम पर उसने ब्याज कमाया। रिफंड उड़ान रद्द होने के बाद किए गए। तो नुकसान में यात्री रहे। उसने लाखों यात्रियों को जान बूझकर परेशान किया और सरकार को झुकाया।सब कुछ बिखर गया। पैसा बर्बाद, लगातार आंसू, रुदन, आम यात्री और क्या कर सकता है? क्या एक एयरलाइन को इस हद तक ह्यखलनायकह्व बनने की छूट दी जा सकती है? नए नियम क्या थे? यही कि पायलटों से आठ घंटे काम लिया जाए और उन्हें पर्याप्त छुट्टी दी जाए। इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है, लेकिन प्रति विमान उपलब्ध पायलटों की संख्या के लिहाज से (प्रति विमान 13) वह पांचवें नंबर आती है। उसके कर्मचारी काम के कैसे बोझ में रहते होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। स्वाभाविक है कि पायलट एसोसिएशन ने नियम वापस लेने के सरकार के फैसले का विरोध किया है। मगर मोनोपॉली व्यवस्था में जब सरकार अपनी नहीं मनवा सकती, तो कर्मचारी या उपभोक्ता क्या सोचते हैं- इसे कौन पूछता है? यह बहुत खतरनाक प्रवृत्ति का इशारा है और सिर्फ एक सेक्टर का संकट नहीं है। जिस तरह समय के साथ विमानन सेक्टर में एक कंपनी का एकाधिकार बना है वैसे ही ऊर्जा से लेकर संचार और सीमेंट, हवाईअड्डा व बंदरगाहों से लेकर खाने पीने की चीजों तक चुनिंदा कंपनियों का एकाधिकार बना है। एकाधिकारवादी अर्थव्यवस्था बनाने में सीधे तौर पर सरकार का हाथ है तो उन एजेंसियों का भी हाथ है, जिनकी जिम्मेदारी इन बातों पर निगरानी करने की है। अगर सिर्फ विमानन सेक्टर को देखें तो 2012 में किंगफिशर एयरलाइंस बंद हो गई। उसके बाद 2018 में जेट एयरवेज दिवालिया हो गई और पांच साल बाद 2023 में गो एयर बंद हो गई। और इसी बीच भारत सरकार ने अपनी कंपनी औने पौने दाम में टाटा समूह को बेच दी। उससे पहले सहारा एयरलाइंस, डेक्कन और एमडीएलआर जैसी कई विमानन कंपनियां बंद हुई थीं। एक तरफ विमानन कंपनियां धड़ाधड़ बंद हो रही थीं और दूसरी ओर सरकार उड़ान योजना के तहत छोटे शहरों में हवाईअड्डे बनाने या बड़े हवाईअड्डों के निर्माण और कनेक्टिविटी की घोषणा करने में लगी थी। आखिर सरकार ने सोचा क्यों नहीं कि 10 साल बाद विमानन का परिदृश्य कैसा होगा? कितने विमानों, कितने पायलटों, चालक दल के सदस्यों, हवाईअड्डों आदि की जरुरत होगी? विमानन मंत्रालय और डीजीसीए ने इस बारे विचार ही नहीं किया। इस मामले में सरकार को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

# सर्दियो मे गुड़



## रोजाना गुड़ खाना फायदेमंद लेकिन ज्यादा खाने से नुकसान भी

सर्दियों के मौसम में गुड़ खाना आम बात है। ठंड में इसे सेहत के लिए फायदेमंद मानकर लोग रोजाना गुड़ का सेवन करते हैं। गुड़ न सिर्फ शरीर को गर्म रखता है, बल्कि पाचन सुधारने और इम्युनिटी बढ़ाने में भी मदद करता है। लेकिन हर अच्छी चीज की तरह जरूरत से ज्यादा गुड़ खाना भी नुकसानदायक हो सकता है। आइए जानते हैं गुड़ के फायदे के साथ-साथ ज्यादा गुड़ खाने से होने वाली दिक्कतें।

**शरीर को देता है गर्माहट**

गुड़ की तासीर प्राकृतिक रूप से गर्म मानी जाती है, इसलिए सर्दियों के मौसम में इसका सेवन शरीर को अंदर से गर्म रखने में सहायक होता है। यह रक्त संचार को बेहतर बनाता है और ठंड के कारण होने वाली सुस्ती व थकान को कम करने में मदद करता है, जिससे शरीर को प्राकृतिक ऊर्जा और आराम महसूस होता है।

**पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है**

गुड़ पाचन तंत्र को सक्रिय करने में अहम भूमिका निभाता है। यह आंतों की कार्यक्षमता को बेहतर बनाता है, जिससे कब्ज की समस्या कम होती है और गैस व अपच से राहत मिलती है। नियमित लेकिन सीमित मात्रा में गुड़ का सेवन पेट को साफ रखने और पाचन को दुरुस्त रखने में मदद करता है।

**इम्युनिटी बढ़ाने में सहायक**

गुड़ में आयरन, जिंक और मैग्नीशियम जैसी पोषक तत्वों की मौजूदगी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में सहायक होती है। यह न सिर्फ इम्युनिटी बढ़ाता है बल्कि ठंड के मौसम में बीमारियों से लड़ने में भी मदद करता है। नियमित रूप से गुड़ का सेवन शरीर को अंदर से ताकतवर और स्वस्थ बनाए रखने में योगदान देता है।



**खून की कमी में लाभकारी**

गुड़ आयरन का उत्कृष्ट स्रोत है, जिससे खून की कमी या एनीमिया जैसी समस्याओं में लाभ मिलता है। नियमित सेवन से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है और थकान या कमजोरी जैसी परेशानियों से राहत मिलती है। यह महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद माना जाता है।

**ज्यादा गुड़ खाने से क्या हो सकती हैं दिक्कतें?**

वजन तेजी से बढ़नाः गुड़ में कैलोरी और शुगर की मात्रा अधिक होती है। ज्यादा सेवन से वजन बढ़ सकता है और मोटापा बढ़ने का खतरा रहता है।

डायबिटीज मरीजों के लिए नुकसानदायकः गुड़ भले ही नेचुरल हो, लेकिन यह ब्लड शुगर तेजी से बढ़ाता है। डायबिटीज के मरीजों को इसका सेवन डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिए।

पेट से जुड़ी समस्याएंः ज्यादा गुड़ खाने से गैस, एसिडिटी, पेट फूलना और दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

सर्दी-जुकाम और एलर्जीः कुछ लोगों में ज्यादा गुड़ बलगम बढ़ाता है, जिससे सर्दी, खांसी और गले की समस्या हो सकती है।

दांतों को नुकसानः गुड़ चिपचिपा होता है, जो दांतों में चिपककर कैविटी और दांत दर्द की वजह बन सकता है।

गुड़ खाने की सही मात्रा क्या हैः विशेषज्ञों के अनुसार, रोजाना 10 से 20 ग्राम (एक छोटा टुकड़ा) गुड़ खाना पर्याप्त है। इसे भोजन के बाद खाना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है।





**गुड़ खाते समय रखें ये सावधानियां**

खाली पेट गुड़ खाने से बचें।

डायबिटीज या मोटापे की समस्या हो तो सीमित मात्रा में लें।

हमेशा साफ और केमिकल-फ्री गुड़ ही खाएं।

गुड़ खाने के बाद गुनगुना पानी पिएं।

सर्दियों में गुड़ सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है, लेकिन जरूरत से ज्यादा गुड़ आपकी सेहत बिगाड़ भी सकता है। सही मात्रा और सही समय पर गुड़ का सेवन ही आपको इसके असली फायदे दिला सकता है।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया




## राम चरण से मिली जापानी प्रशंसक, जिसने 'आरआरआर' 100 बार देखी

चर्चित अभिनेता राम चरण से मिलने जापान से पहुंचे प्रशंसकों के समूह का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल है। वीडियो में एक जापानी युवती उनसे मिलते हुए भावुक हो उठी। युवती ने बताया कि उसने उनकी हिट फिल्म आरआरआर को सिनेमाघर में सौ से अधिक बार देखा है। राम चरण ने घर पर प्रशंसकों से भेंट की और उनकी सराहना की। युवती ने हाथ मिलाते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और स्वयं द्वारा बनाया गया चित्र भी भेंट किया। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोग भी भावुक हो गए। जानकारी के अनुसार जापानी प्रशंसकों ने गोलकुंडा किला सहित उन स्थानों का भी भ्रमण किया, जहां उनकी फिल्म मगधीरा की शूटिंग हुई थी। वहीं अभिनेता जल्द ही खेल-आधारित फिल्म पेड्डी में नजर आएंगे, जिसमें अभिनेत्री जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

## तमन्ना भाटिया करेंगी वी. शांताराम की बायोपिक में अभिनय, सिद्धांत चतुर्वेदी होंगे सह-कलाकार

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया फिल्मकार वी. शांताराम के जीवन पर आधारित आगामी जीवनीपरक फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। फिल्म का शीर्षक 'वी शांताराम' रखा गया है, जिसमें साइलेंट युग से लेकर साउंड और रंगीन फिल्मों तक के दौर में शांताराम के फिल्मी सफर को दशार्या जाएगा। तमन्ना फिल्म में जयश्री की भूमिका निभाएंगी, जो शांताराम की पत्नी थीं और 'डॉ. कोटनिस की अमर कहानी', 'शकुंतला' व 'दहेज' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं। तमन्ना ने अपने बयान में कहा कि भारतीय सिनेमा के महत्वपूर्ण युग से जुड़ी ऐसी हस्ती का किरदार निभाना उनके लिए गर्व की बात है। निमार्ताओं के अनुसार फिल्म का निर्माण कई प्रोडक्शन हाउसों के सहयोग से किया जा रहा है।




## त्रिविक्रम-वेंकटेश की नई फिल्म का शीर्षक घोषित

### 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबरः 47' हुआ नाम

निर्देशक त्रिविक्रम और दक्षिण भारतीय सिनेमा के चर्चित अभिनेता वेंकटेश की नई फिल्म का शीर्षक जारी कर दिया गया है। निमार्ताओं ने फिल्म का नाम 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबरः 47 (एके-47)' घोषित करते हुए प्रथम पोस्टर भी साझा किया। इसी के साथ फिल्म की शूटिंग औपचारिक रूप से प्रारंभ कर दी गई है। प्रथम पोस्टर में वेंकटेश सड़क के बीच मुस्कुराते दिखाई देते हैं। उनके हाथ में चमड़े का बैग है और एक हाथ ऊपर उठा हुआ दिखता है। जानकारी के अनुसार फिल्म वर्ष 2026 की गर्मियों में सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। बताया जा रहा है कि यह पहली बार होगा जब त्रिविक्रम वेंकटेश को मुख्य भूमिका में लेकर किसी फिल्म का निर्देशन करेंगे। इससे पूर्व त्रिविक्रम ने वेंकटेश की सुपरहिट फिल्म 'नुव्वु नाकु नचव' की कहानी व संवाद लिखे थे। फिल्म का आरंभिक पूजन इसी वर्ष अगस्त में किया गया था, जबकि शूटिंग की शुरूआत अब की गई है।



NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 101 रनों से हराया

## भारतीय गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन



कटक। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को कटक में खेले गए पहले टी20 मैच में 101 रनों के बड़े अंतर से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हार्दिक पांड्या के नाबाद अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 12.3 ओवर में 74 रन पर ढेर हो गई। भारत ने इस तरह बड़ी जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका ने इसके बाद नियमित रूप से विकेट गंवाए और उसका कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी इतनी खराब रही कि उसके सिर्फ चार बल्लेबाज दहाई अंक का आंकड़ा छू सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए, जबकि कप्तान एडेन मार्करम ने 14, ट्रिस्टन स्टब्स ने 14 और मार्को यानसेन ने 12 रन बनाए। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले। वहीं, शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या को एक-एक सफलता मिली। दिलचस्प बात यह रही कि भारत के सभी गेंदबाजों को सफलताएं मिली। इस दौरान बुमराह ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट पूरे किए और वह ऐसा करने वाले अर्शदीप के बाद भारत के दूसरे गेंदबाज बने।

## टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100+ छक्के लगाने वाले चौथे भारतीय बने हार्दिक

भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन किया। हार्दिक ने बल्ले से दम दिखाया और नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली जिससे भारत ने दक्षिण अफ्रीका के सामने 176 रनों का लक्ष्य रखा।

हार्दिक ने इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे कर लिए और वह रोहित शर्मा और विराट कोहली की बराबरी पर पहुंच गए। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, हार्दिक ने 28 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन बनाए जिससे भारत ने 20 ओवर में छह विकेट पर 175 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की टीम हालांकि, 74 रन पर ऑलआउट हुई जिससे भारत ने 101 रनों से जीत दर्ज की। भारत के लिए हार्दिक के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। भारत के लिए हार्दिक के अलावा तिलक वर्मा ने 26, अक्षर पटेल ने 23, अभिषेक शर्मा ने 17, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 12 और शिवम दुबे ने 10 रन बनाए। वहीं, जितेश शर्मा 10 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी ने तीन विकेट लिए, जबकि लुथो सिपाम्ला को दो और डोनोवान फरेरा को एक विकेट मिला।




## 'कोहली-रोहित टीम इंडिया की रीढ़, 2027 तक खेलना चाहिए'

### शाहिद अफरीदी ने गंभीर पर भी साधा निशाना



कराची। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेटरों को लेकर बड़ा बयान दिया है। अफरीदी ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारतीय वनडे टीम की रीढ़ करार दिया और कहा कि दोनों बल्लेबाजों को कम से कम 2027 वनडे विश्व कप तक खेलते रहना चाहिए। उन्होंने भारतीय कोच गौतम गंभीर पर भी अप्रत्यक्ष निशाना साधा और कहा कि गंभीर अपने फैसलों में खुद को हमेशा सही मानते हैं। अफरीदी ने कहा कि समय ने साबित किया है कि गंभीर का हर फैसला सही नहीं होता।

**कोहली और रोहित को बताया भारतीय क्रिकेट की धुरी**

टेलिकॉम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अफरीदी ने कहा, 'ये सच है कि विराट और रोहित भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ हैं। हालिया वनडे सीरीज में दोनों की फॉर्म देखकर साफ है कि वे 2027 विश्व कप तक खेल सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि इन दोनों दिग्गजों का सही इस्तेमाल होना चाहिए। अफरीदी ने कहा, 'जब भारत कमजोर टीमों के खिलाफ खेले, तब नए खिलाड़ियों को मौका देना चाहिए और रोहित-विराट को आराम दिया जा सकता है।'

**गंभीर पर फिर जुबानी हमला**

अफरीदी और गंभीर के रिश्ते पहले भी मैदान पर गर्म रहे हैं। अब उन्होंने एक बार फिर गंभीर पर कटाक्ष किया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा, 'गंभीर ने अपनी कोचिंग शुरूआत इस तरह की जैसे वही हर बात में सही हों, लेकिन बाद में साबित हो गया कि हर समय आपके फैसले सही नहीं होते।'

**रोहित ने रिकॉर्ड तोड़ा, पर खुश हैं अफरीदी**

अफरीदी ने रोहित शर्मा के द्वारा उनके वनडे में कुल छक्कों के रिकॉर्ड तोड़ने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, 'रिकॉर्ड बनते हैं और टूटते हैं। मुझे खुशी है कि एक ऐसा खिलाड़ी जिसे मैंने हमेशा पसंद किया, उसने यह रिकॉर्ड तोड़ा।' रोहित ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में अफरीदी के 351 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और अब उनके नाम 355 छक्के हैं। अफरीदी ने याद करते हुए कहा कि 2008 में आईपीएल में डेक्कन चार्जर्स के लिए साथ खेलते समय ही उन्होंने रोहित की क्लास पहचान ली थी। अफरीदी ने कहा, 'प्रैक्टिस के दौरान रोहित की बल्लेबाजी देखकर ही समझ गया था कि ये खिलाड़ी एक दिन भारत के लिए खेलेगा और आज वह विश्व क्रिकेट का बड़ा नाम है।'

## बुधवार, 10 दिसम्बर राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपकी राशि से पंचम भाव मे बना चंद्रमा और केतु का योग आपको मानसिक तनाव दे सकता है। आपको आज कार्यक्षेत्र में अधिक सजग रहने की जरूरत है।

वृषभ राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक और उत्साहवर्धक रहेगा। आपकी राशि से आज सप्तम भाव में राशि स्वामी का गोचर हो रहा है जो आपको जीवन के विभिन्न क्षेत्र में लाभ और उन्नति का अवसर दिला सकता है।

मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अच्छा रहेगा। आपको संयम और धैर्य के साथ अपने काम पर ध्यान देना होगा। कुछ तकनीकी समस्या आ सकती है लेकिन आप उनका समाधान निकालने में सफल होंगे।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन मानसिक तनाव और उलझन को बढाने वाला रहेगा। राशि स्वामी चंद्रमा आज आपकी राशि से दूसरे भाव में केतु के साथ युति कर रहे हैं ऐसे में आपको आज बड़े आर्थिक निर्णय लेने से बचना होगा।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिश्रित रहेगा। आपकी राशि में आज चंद्रमा और केतु की युति से ग्रहण योग बन रहा है ऐसे मे आपको आज अपने काम में सतर्क रहना होगा। विरोधी आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं इसलिए आंख मूंदकर किसी पर भी दबाव बनाए रखने से आपको बचना होगा।

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभ के साथ खर्च में वृद्धि करने वाला रहेगा। आपके सितारे बताते हैं कि आपके ऊपर आज काम का अधिक दबाव रहेगा। जिन लोगों के काम का संबंध विदेश या तकनीकी क्षेत्र से जुड़ा है उनके लिए दिन आज अच्छा रहेगा।

तुला राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन अच्छा है। राशि स्वामी शुक्र राशि से दूसरे भाव में गोचर करते हुए आपके लिए लाभदायक स्थिति बनाए हुए हैं। आपको आज नौकरी में अपने प्रयास का पूरा प्रतिफल मिलेगा। आपकी कोई बड़ी चाहत भी पूरी होगी।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अच्छा रहेगा आपको आज कार्यक्षेत्र में आगे बढने का मौका मिलेगा। अधिकारी वर्ग से भी आपको आज पूरा सहयोग सपोर्ट मिलेगा। आप आज सरकारी काम में भी सफलता प्राप्त कर सकते है।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज कारोबार में लाभ मिलेगा। दिन का दूसरा भाग आपके लिए अधिक बेहतर प्रतीत होने वाला है। शुरूआत मे दिन थोड़ा सुस्त रहेगा लेकिन दिन के साथ काम की गति और दबाव भी बढेगा।

मकर राशि के लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा है। आप आज उत्साह और जोश से भरपूर रहेगे। आप आज कारोबार में कोई साहसिक फैसला ले सकते हें जिससे आपको भविष्य में बड़ा लाभ मिल सकता है। नौकरी में आज आपका काम सुचारू रूप से चलेगा।

कुंभ राशि के जातको के लिए आज का दिन मानसिक तनाव और उलझन को बढाने वाला है। आपको आज आर्थिक मामलों में संभलकर फैसला लेना होगा नहीं तो आपको नुकसान का सामना करना होगा। आपको आज नौकरी में कुछ नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

मीन राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज परिश्रम से सफलता मिलने का योग है। वैसे आज आपको कुछ मामलों में भाग्यशाली भी रहेंगे। आपको कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। आपको कोई अटका हुआ काम पूरा हो सकता है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# शोध संस्कृति को बढ़ावा देती हैं कार्यशालाएं : डॉ. प्रशांत गुप्ता

## रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल्स पर शोध इंटर्नशिप वर्कशॉप का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज (एस.एन.एम.सी.)की साइंटिफिक रिव्यू कमेटी और फिजिकल एथिकल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल्स (हस्तक्षेप/प्रयोगात्मक स्टडी डिजाइन) विषय पर एक दिवसीय शोध इंटर्नशिप वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज के वर्कशॉप एवं डीन, डॉ. प्रशांत गुप्ता द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य ने चिकित्सा शिक्षा और रोगी देखभाल के लिए साइंटिफिक, साक्ष्य-आधारित एवं एथिकल शोध के महत्व पर जोर दिया। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य फैकल्टी सदस्यों और शोधार्थियों में क्लिनिकल रिसर्च इंटर्नशिप की समझ को खोलना तथा उच्च एथिकल शोध इंटर्नशिप को प्रोत्साहित करना था। विभिन्न परीक्षाओं में रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल्स के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें स्टडी डिजाइन, सैंपल फिगरेशन, रैंडमाइजेशन, ब्लाइंडिंग, नैतिक दिशानिर्देश, ट्रायल पंजीकरण एवं रेगुलेटरी ट्रायल शामिल थे। संवादात्मक व्याख्यानों और व्यावहारिक अभ्यासों से प्रतिभागियों को उपयोगी एवं व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित ग्रंथों से आए इंजीनियरों ने रिसोर्स फैकल्टी के रूप में सहभागिता की। डॉ. आर. एन. मिश्रा (पूर्व प्रोफेसर, बायोस्टैटिस्टिक्स, क्टर-इल्व, वाराणसी)डॉ. नित्या वाधवा , डॉ. नेहा चावला ,डॉ. अवि बंसल ,संस्थान की इन-हाउस रिसोर्स फैकल्टी में डॉ. गीतू सिंह, डॉ. हिमालय सिंह और डॉ. जी. वी. सिंह ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यशाला का सफल नेतृत्व डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने आयोजन अध्यक्ष के रूप में किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं डीन डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा, इस तरह की कार्यशालाएं हमारे संस्थान में शोध संस्कृति को बढ़ावा देने और हमारे संकाय एवं शोधार्थियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप अनुसंधान करने के लिए सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करती हैं। एस.एन. मेडिकल कॉलेज गवाही-आधारित चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# साईं राम, साईं दा दरबार निराला....

## साईं चरण पादुका आगरा पधारी, उमड़ी श्रद्धा की अविरल धारा

- द रमाना ग्रांड में पूजन, दिव्य दर्शन, भजन संध्या और प्रसादी वितरण से गूंजा भक्तिमय वातावरण

एनएनआई



**आगरा।** आगरावासियों ने एक बार फिर वह दिव्य क्षण महसूस किया, जब शिरडी से पधारी साईं बाबा की पावन चरण पादुकाओं ने शहर को अपनी कृपा से अनुप्राणित किया। श्री साईं चरण पादुका समिति 2025 की ओर से आयोजित इस दो दिवसीय अनुष्ठान का आगाज साईं भक्तों की भावनाओं और आस्था के बीच हुआ। यमुना एक्सप्रेसवे के अंतिम टोल पर साईं चरण पादुका के आगमन पर भक्तों ने ढोल-नगाड़ों और साईं राम के जयकारों के साथ स्वागत किया। शोभायात्रा वॉटर वर्क्स, बल्केश्वर चौराहा और साईं धाम मंदिर कमला नगर होते हुए प्रताप पुरा स्थित द रमाना ग्रांड पर पहुँची, जहां पूरे परिसर में दीप, पुष्प और भक्ति संगीत की गूंज दिखाई दी। मुख्य अतिथि गुरुजी चंद्रभानु सतपथी, डीआईजी शैलेश पांडे, एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, डीजी आरपीएफ सेवानिवृत्त अरुण कुमार, श्री साईं संस्थान विश्वस्तव्यवस्था शिरडी के सीईओ दीपक मोहन, आईआरएस आदित्य प्रकाश भारद्वाज, पूर्व विधायक महेश गोयल, राजीव जोशी, राहुल चतुर्वेदी ने पावन चरण पादुकाओं का पारंपरिक वैदिक विधि से पूजन किया गया। पूजन के उपरांत भक्तों के लिए दर्शन प्रारम्भ हुए, जिसमें सुबह से ही लम्बी कतारें लग गईं। साईं भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में भक्तों ने चरण पादुका के स्पर्शमात्र से अलौकिक अनुभूति व्यक्त की। संयोजक अशोक रैना और अध्यक्ष नितिन कोहली ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सायंकाल प्रारम्भ हुई साईं भजन संध्या कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। प्रसिद्ध भजन कलाकारों निधि कोहली, मोहन शर्मा, पुनीत खुराना, हरीश बलेचा और जागृति कोहली ने साईं राम, साईं दा दरबार निराला और तेरा ही नाम साईं जैसे भावपूर्ण भजनों से वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय कर दिया। भजन संध्या के दौरान उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर होकर झूमता रहा। संयोजक अशोक रैना और अध्यक्ष नितिन कोहली ने सभी आगरा वासियों और साईं भक्तों से आग्रह किया है कि वे इस दुर्लभ अवसर का लाभ उठाएं और कल अंतिम दिन साईं चरण पादुका दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। आयोजन का संचालन राजीव पोद्दार ने किया। आयोजन की व्यवस्था अशोक रैना, अध्यक्ष नितिन कोहली, स्वागत अध्यक्ष अजय गुप्ता और राजेश गोयल, विकास खन्ना, दीपक गुप्ता, लटूरी सिंह यादव, राहुल शाक्य, पवन अग्रवाल, दीपक बत्रा, दिलीप गुप्ता, दीपक गुरनानी, दिनेश गुप्ता, रोहित गोयल आदि संभाल रहे हैं।

# ब्रेन ओ ब्रेन आयोजित करेगा सुडोकू प्रतियोगिता

- बच्चों की एकाग्रता, तर्कशक्ति और मानसिक तेजी को निखारने का अनूठा मंच

एनएनआई

**आगरा।** मानसिक एकाग्रता और तर्क क्षमता को प्रखर बनाने वाली लोकप्रिय सुडोकू प्रतियोगिता का तीसरा संस्करण इस वर्ष भी ब्रेन ओ ब्रेन संस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आगरा क्लब में प्रतियोगिता का पोस्टर भव्य रूप से विमोचित किया गया। इस अवसर पर आगरा एवं मथुरा के ब्रेन ओ ब्रेन के विभिन्न सेंटर्स की प्रमुख शिक्षिकाओं ने सहभागिता की।

आगरा की सिटी कोऑर्डिनेटर कविता अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित होगी। ग्रुप ए कक्षा 2 से 4 तक, ग्रुप बी कक्षा 5 से 8 तक और ग्रुप सी (ओपन कैटेगरी) कक्षा 9 से ऊपर के छात्र, अभिभावक एवं अन्य प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में टॉप थ्री विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम 2500, द्वितीय 1500 और तृतीय 1000 रुपए की धनराशि दी जाएगी।



इसके अतिरिक्त, सर्वोच्च 25 प्रतिशत प्रतिभागियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। ग्रुप सी के विजेताओं को क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित होगी। सेमीफाइनल राउंड स्थानीय ब्रेन ओ ब्रेन सेंटर्स एवं स्कूलों में आयोजित होंगे।

फाइनल प्रतियोगिता 25 जनवरी को बल्केश्वर स्थित सीएफ सेंट एंड्रयूज स्कूल में होगी। कविता अग्रवाल ने बताया कि ब्रेन ओ ब्रेन संस्था के आगरा में 10 केंद्र संचालित हैं, जहां 900 से अधिक बच्चे अपनी बुद्धिमत्ता को और अधिक तीव्र बनाने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सुडोकू प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक प्रतिभागी ब्रेन ओ ब्रेन के किसी भी केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता में ओसवाल बुक्स का विशेष सहयोग है ।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में मथुरा की सिटी कोऑर्डिनेटर शशि चतुर्वेदी, तथा आगरा के विभिन्न सेंटर्स की प्रमुख चयनिका अग्रवाल, आकांक्षा गुप्ता, आलोक चंद्र, मोहित गर्ग, रीना चंद्र, रूपाली सिंघल, शिव्या जैन, श्वेता बंसल, गिन्नी दयालानी, सपना, तृप्ति मित्तल, मीनू कोहली आदि उपस्थित रहीं।

